इसरो प्रेस विज्ञप्ति

11 जून 2020 | बेंगलूरु | भारत

इसरो साइबरस्पेस प्रतियोगिताएँ-2020 (आई.सी.सी.-2020)

कोविड-19 के वर्तमान चुनौतिपूर्ण समय में जब प्रत्यक्ष बैठकें लभगभ असंभव है, इसरो ने ऑनलाइन **इसरो साइबरस्पेस प्रतियोगिताएँ-2020 (आई.सी.सी.-2020)** का आयोजन कर हमारे देश के युवा मस्तिष्कों की क्षमता का प्रदर्शन करने वाली ऑनलाइन प्रतियोगिताओं में उनकी भागीदारी कराकर सबको एकजुट करने की अपनी भूमिका निभाने की योजना बनाई है।

आई.आई.सी.-2020 से विद्यार्थी विभिन्न स्थानों की यात्रा करने से बच सकते हैं तथा परीक्षा की इस घड़ी में अपने घर पर सुरक्षित रहते हुए ऑनलाइन भागीदारी कर सकते हैं। आई.आई.सी.-2020 में निर्धारित प्रतियोगिताएँ हैं:

1. कक्षा 1 से कक्षा 3 के लिए चित्रकला प्रतियोगिता,
2. कक्षा 4 से कक्षा 8 के लिए मॉडल निर्माण प्रतियोगिता,
3. कक्षा 9 से कक्षा 10 के लिए निबंध प्रतियोगिता (हिंदी और अंग्रेजी दोनों में),
4. कक्षा 11 से कक्षा 12 के लिए निबंध प्रतियोगिता/अंतरिक्ष-प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (हिंदी और अंग्रेजी दोनों में)।

वर्तमान परिदृश्य में, जब अंतरिक्ष विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी से संबंधित सभी आउटरीच कार्यक्रम बंद कर दिये गये हैं, साइबरस्पेस आधारित यह प्रतियोगिता अंतरिक्ष विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अवधारणाओं तथा असीमित रहस्यों को उद्घाटित करने के लिए विद्यार्थी समुदाय को प्रेरित करने में अग्रणी होगी।

भारतीय जनता की डिजीटल प्रवेश में बढ़ोत्तरी के साथ, इस प्रतियोगिता में भागीदारी 'डिजीटल इंडिया' की अवधारणा के अनुरूप होगी तथा इसका उद्देश्य अंतरिक्ष विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी में स्कूली विद्यार्थियों की असीमित कल्पना शक्ति का उपयोग करते हुए रचनात्मकता, जिज्ञासा तथा नवोचार का उपयोग करना है।

अधिक जानकारी तथा कार्यक्रम विवरण के लिए कृपया यहाँ जाएँ: www.isro.gov.in/ICC-2020

ऑनलाइन पंजीकरण के लिए कृपया देखें: https://icc2020.isro.gov.in/icc/register.jsp

ईमेल आई.डी.: icc-2020@isro.gov.in

हमें फॉलो करें : http://www.isro.gov.in | https://www.facebook.com/ISRO/ | https://twitter.com/isro